हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020 की संस्तुतियों को लागू करने के लिए दिशानिर्देश

(चार भाषाओं में नामतः हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत एवम् पंजाबी)

GUIDELINES FOR IMPLEMENTING THE RECOMMENDATIONS OF NATIONAL EDUCATION POLICY-2020 IN CENTRAL UNIVERSITY OF HIMACHAL PRADESH

(IN FOUR LANGUAGES viz. HINDI, ENGLISH, SANSKRIT & PUNJABI)

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला (हि.प्र.)

CENTRAL UNIVERSITY OF HIMACHAL PRADESH, DHARAMSHALA (H.P.)

2021

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय
धर्मशाला – 176215 (हि.प्र.)

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय

में

राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020

की संस्तुतियों को लागू करने के लिए

दिशानिर्देश

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परिषद की 29वीं बैठक एवं कार्यकारिणी परिषद की 52वीं बैठक में अनुमोदित ।
राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020 की संस्तुतियों को लागू करने के लिए इन दिशानिर्देशों को क्रिएटिव कॉमन्स अट्रीब्यूशन 4.0 अनपोर्टेड लाइसेंस के CC-BY-SA के अंतर्गत जारी किया जा रहा है ।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020
के दिशानिर्देशों को तैयार करने संबंधी समिति
हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय
धर्मशाला (हि.प्र.)

क्रम सं.	नाम एवं पदनाम	
1.	**प्रो. सत प्रकाश बंसल** **माननीय कुलपति**	**संरक्षक**
2.	प्रो. मनोज कुमार सक्सेना, प्रोफेसर, शिक्षा संकाय	अध्यक्ष
3.	प्रो. भाग चंद चौहान, प्रोफेसर, भौतिक और पदार्थ विज्ञान संकाय	उपाध्यक्ष
4*.	प्रो. मोहिंदर सिंह, अधिष्ठाता, वाणिज्य एवं प्रबंधन अध्ययन संकाय	सदस्य
5.	प्रो. दीपक पंत, अधिष्ठाता, पृथ्वी एवं पर्यावरण विज्ञान संकाय	सदस्य
6.	प्रो विशाल सूद, अधिष्ठाता, शिक्षा संकाय	सदस्य
7.	डॉ. कंवर चंदरदीप सिंह, अधिष्ठाता, मानविकी संकाय	सदस्य
8.	प्रो. प्रदीप नायर, अधिष्ठाता, पत्रकारिता, जनसंचार और नव मीडिया संकाय	सदस्य
9.	डॉ. बृहस्पति मिश्रा, अधिष्ठाता, भाषा संकाय	सदस्य
10.	प्रो. प्रदीप कुमार, अधिष्ठाता, जैविक विज्ञान संकाय	सदस्य
11.	प्रो. राकेश कुमार, अधिष्ठाता, गणित, कंप्यूटर एवं सूचना विज्ञान संकाय	सदस्य
12.	डॉ. जगमीत बावा, अधिष्ठाता, अभिनय कला एवं दृश्य कला संकाय	सदस्य
13.	प्रो. होम चंद, अधिष्ठाता, भौतिक और पदार्थ विज्ञान संकाय	सदस्य
14.	प्रो. नारायण सिंह राव, अधिष्ठाता, समाज विज्ञान संकाय	सदस्य
15.	डॉ. सुमन शर्मा, अधिष्ठाता, पर्यटन, यात्रा एवं आतिथ्य प्रबंधन संकाय	सदस्य
16.	डॉ. ओम प्रकाश प्रजापति, सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग	सदस्य
17.	डॉ. राकेश कुमार, सहायक प्रोफेसर, जंतु विज्ञान विभाग	सदस्य सचिव

** अधिष्ठाताओं के नाम उनके संकाय के अंग्रेजी में नाम के वर्णक्रम में दिए गए हैं।*

हिंदी में अनुवाद : *डॉ. बृहस्पति मिश्र एवं श्री संजय कुमार सिंह, राजभाषा अनुभाग, हि.प्र.के.वि.*

संस्कृत में अनुवाद : *डॉ. बृहस्पति मिश्र, डॉ. कुलदीप कुमार, डॉ. वी. सुब्रमण्यम, डॉ. रणजीत कुमार, डॉ. विवेक शर्मा, डॉ. भजहरि दास एवं श्रीमती अर्चना, संस्कृत, पाली तथा प्राकृत विभाग, हि.प्र.के.वि.*

पंजाबी में अनुवाद : *डॉ. नरेश कुमार एवं डॉ. हरजिंदर सिंह, हि.प्र.के.वि.*

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परिषद की 29वीं बैठक एवं कार्यकारिणी परिषद की 52वीं बैठक में अनुमोदित।
राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020 की संस्तुतियों को लागू करने के लिए इन दिशानिर्देशों को क्रिएटिव कॉमन्स अट्रीब्यूशन 4.0 अनपोर्टेड लाइसेंस के CC-BY-SA के अंतर्गत जारी किया जा रहा है।

- हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय एक शोध-प्रधान विश्वविद्यालय होगा, जिसमें विभिन्न विषयों में प्रगत अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।
- स्नातक उपाधि (डिग्री) कार्यक्रम शोध/प्रवीण (ऑनर्स) सहित 4 वर्षों का होगा।
- विश्वविद्यालय के स्नातक उपाधि (डिग्री) कार्यक्रम में नवीन प्रवेश प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सत्र 2021-22 से विभिन्न चरणों में बहुविध प्रवेश एवं बहिर्गमन प्रणाली लागू की जाएगी।
- उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रस्तावित शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए 'बहुविध प्रवेश एवं बहिर्गमन संबंधी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग दिशानिर्देश' के अनुसार, शोध/प्रवीण (ऑनर्स) सहित स्नातक उपाधि (डिग्री) पढ़ने और पूरा करने हेतु स्नातक कार्यक्रम के चौथे वर्ष में पढ़ाई के लिए उन्हीं अभ्यर्थियों को अनुमति दी जाएगी, जिन्होंने तीन वर्षीय स्नातक उपाधि (डिग्री) कार्यक्रम की अपेक्षाओं को पूरा करने के बाद न्यूनतम 7.5 संचयी श्रेणी अंक औसत (सीजीपीए) प्राप्त किया हो ।
- इन विद्यार्थियों को शोध सहित उपाधि (डिग्री) अथवा उपाधि (प्रवीण/ऑनर्स) के लिए पढ़ने का विकल्प होगा। छठे सत्र के सफलतापूर्वक समापन के बाद उन्हें शोध सहित उपाधि (डिग्री) अथवा उपाधि (प्रवीण/ऑनर्स) को चुनना होगा।
- वैसे विद्यार्थियों जिन्हें छठे सत्र तक 7.5 संचयी श्रेणी अंक औसत (सीजीपीए) प्राप्त नहीं है, उन्हें स्नातक उपाधि (डिग्री) प्रदान की जाएगी और उन्हें छठे सत्र को पूरा करने के बाद स्नातक उपाधि (डिग्री) कार्यक्रम छोड़ना होगा।
- विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की संस्तुतियों के अनुरूप शैक्षणिक वर्ष 2021 – 2022 से 4 वर्षीय स्नातक उपाधि (डिग्री) एवं 2 वर्षीय स्नातकोत्तर उपाधि (डिग्री) कार्यक्रमों तथा शैक्षणिक सत्र 2025-2026 से 01 वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रमों को प्रस्तावित करेगा ।
- शोध / प्रवीण (ऑनर्स) सहित स्नातक उपाधि की पहली खेप 2024-25 में उत्तीर्ण होने की प्रत्याशा है । इसलिए, 02 वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम जारी रहेगा और 2025-26 से एक वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम प्रारंभ होगा । 2025-26 सत्र से दोनों अर्थात एक वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम और दो वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रमों को प्रस्तावित किया जाएगा ।
- राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों के साथ तालमेल के लिए विश्वविद्यालय दिनांक 29 जुलाई, 2021 को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी बहुविध प्रवेश एवं बहिर्गमन संबंधी दिशानिर्देशों का पालन करेगा।
- प्रत्येक सत्र में कुल श्रेयांकों की संख्या अधिकतम 20 होगी और इसका सख्ती से पालन किया जाएगा। प्रथम, तृतीय एवं छठे सत्रों के विद्यार्थियों को दो श्रेयांकों के अंतर-विषयी पाठ्यक्रमों का

राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020 की संस्तुतियों को लागू करने के लिए इन दिशानिर्देशों को क्रिएटिव कॉमन्स अट्रीब्यूशन 4.0 अनपोर्टेड लाइसेंस के CC-BY-SA के अंतर्गत जारी किया जा रहा है ।

अनिवार्य रूप से चयन करना होगा । ये पाठ्यक्रम, उन पाठ्यक्रमों से भिन्न होने चाहिए, जिसमें वह नामांकित है ।

- स्नातक स्तर पर भारतीय ज्ञान प्रणाली (IKS), व्यावसायिक (वोकेशनल)/कौशल पाठ्यक्रमों, स्वच्छ भारत प्रशिक्षुता (इंटर्नशिप), सामुदायिक सम्बद्धता, लोक विद्या, योग, भारतीय भाषाएं, सांस्कृतिक विनिमय अर्थात राष्ट्रीय एकीकरण, पर्यावरणीय अध्ययन और जीवन कौशल आदि का एक बड़ा घटक प्रस्तावित किया जाएगा।
- विभिन्न चरणों में बहुविध प्रवेश एवं बहिर्गमन प्रणाली को लागू करने के लिए भारतीय ज्ञान प्रणाली को शामिल करने, योग्यता और कौशल को बढ़ाने तथा विद्यार्थियों में पर्यावरण आदि के प्रति संवेदनशीलता के लिए स्नातक उपाधि (डिग्री) कार्यक्रम के समस्त वर्तमान पाठ्यक्रम पाठ्यचर्या में परिवर्तन की आवश्यकता है।
- स्नातक उपाधि (डिग्री) कार्यक्रमों में सभी पाठ्यक्रमों को अनिवार्य तौर पर मिश्रित तरीके अर्थात 90% प्रत्यक्ष एवं 10% आभासीय माध्यम से पढ़ाया जाएगा।
- विभाग स्तरीय कार्यदल पढ़ाए जाने वाले अध्ययन कार्यक्रमों की संपूर्ण संरचना विकसित करेगा। कार्यदल विभाग के सभी शिक्षकों की सहायता से आवश्यकता के अनुसार विभिन्न पाठ्यक्रमों के पाठ्य विवरण (सिलेबस) तैयार करेगा।
- विश्वविद्यालय स्तर पर तैयार किए जाने वाले सभी पाठ्यक्रमों के लिए प्रत्येक विभाग द्वारा अपने विभाग से संबंधित कूट (Codes) का निर्धारण किया जाएगा। इन सभी पाठ्यक्रमों को संबंधित पाठ्य समितियों में विचार-विमर्श एवं अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।
- वोकेशनल पाठ्यक्रमों के लिए विभाग / केंद्र द्वारा पाठ्यक्रमों की एक सूची प्रस्तावित की जाएगी, जहाँ से विद्यार्थियों द्वारा अपनी पसंद के अनुसार पाठ्यक्रम का चयन किया जाएगा । व्यावसायिक (वोकेशनल)/कौशल आधारित पाठ्यक्रमों को इस प्रकार से तैयार किया जाना चाहिए कि पाठ्यक्रम समाप्त होने तक विद्यार्थी अपने संबंधित क्षेत्र में पर्याप्त कौशल विकसित कर सकें। कौशल मूल्यांकन 'कौशल मूल्यांकन मंडल' द्वारा किया जाएगा, जिसका गठन माननीय कुलपति द्वारा किया जाएगा।
- **भारतीय ज्ञान प्रणाली (IKS)** के दो पाठ्यक्रमों को क्रमशः प्रथम सत्र और छठे सत्र में प्रारंभ किया जाएगा। प्रथम सत्र में विश्वविद्यालय के सभी स्नातक उपाधि (डिग्री) कार्यक्रमों के लिए यह पाठ्यक्रम एकसमान होगा। यह पाठ्यक्रम 04 श्रेयांकों का होगा। इस पाठ्यक्रम को तैयार करने के लिए माननीय कुलपति महोदय द्वारा एक समिति गठित की जाएगी। संबंधित विभाग के शिक्षक (शिक्षकों) द्वारा यह पाठ्यक्रम पढ़ाया जाएगा ।
- छठे सत्र हेतु प्रस्तावित भारतीय ज्ञान प्रणाली पर दूसरे पाठ्यक्रम (विषय-विशेष भारतीय ज्ञान प्रणाली) को संबंधित विभागों द्वारा तैयार किया जाएगा। यह पाठ्यक्रम 02 श्रेयांकों का होगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020 की संस्तुतियों को लागू करने के लिए इन दिशानिर्देशों को क्रिएटिव कॉमन्स अट्रीब्यूशन 4.0 अनपोर्टेड लाइसेंस के CC-BY-SA के अंतर्गत जारी किया जा रहा है ।

भारतीय ज्ञान प्रणाली (IKS) के अंतर्गत योग अध्ययन पर 02 श्रेयांकों का एक और पाठ्यक्रम इसी सत्र में पढ़ाया जाएगा। इस पाठ्यक्रम को माननीय कुलपति महोदय द्वारा गठित समिति द्वारा तैयार किया जाएगा।

- विश्वविद्यालय के सभी विभागों/केंद्रों के स्नातक उपाधि (डिग्री) कार्यक्रमों में स्वच्छ भारत प्रशिक्षुता (SBI) पाठ्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा। इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए संवेदीकरण, जागरूकता कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, आमंत्रित व्याख्यान आदि आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में दिशानिर्देश और पाठ्य सामग्री तैयार करने के लिए माननीय कुलपति द्वारा एक समिति गठित की जाएगी।
- विश्वविद्यालय में स्नातक उपाधि (डिग्री) कार्यक्रमों के लिए सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम को 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के अनुरूप *(निधियों और संसाधनों की उपलब्धता के अधीन)* प्रारंभ किया जाना चाहिए। प्रत्येक विभाग के विद्यार्थी देश के विभिन्न भागों में जाएंगे, जिससे कि उनमें जागरूकता आए और उनमें देश के उस भाग विशेष की संस्कृति की समझ विकसित हो। देश के उस भाग से प्रमुख स्थानीय कलाकारों, शिल्पकारों और अन्य विशेषज्ञों को राष्ट्रीय एकीकरण, स्थानीय प्रथाओं, रीति-रिवाजों, परंपराओं पर पारस्परिक विचार-विमर्श के लिए बुलाया जाएगा। विद्यार्थियों को देश के विभिन्न भागों की संस्कृति और रीति-रिवाजों से परिचित करवाया जाएगा। सांस्कृतिक विनिमय के उपर्युक्त क्रियाकलापों के अतिरिक्त, विद्यार्थियों को देश के विभिन्न भागों के लोगों के मज़हब, संस्कृति, खान-पान, परंपराओं, जीवन शैलियों, सामाजिक रीति-रिवाजों, भौगोलिक तथा राजनीतिक नक्शों, सेना और सीमावर्ती लोगों आदि के जीवन के बारे में अवगत कराया जाना चाहिए। इस संबंध में दिशानिर्देश और पाठ्य सामग्री तैयार करने के लिए माननीय कुलपति द्वारा एक समिति गठित की जाएगी।
- सामुदायिक सम्बद्धता पाठ्यक्रमों अर्थात विद्यार्थियों के लिए तृतीय सत्र में सामुदायिक सेवाओं, जागरूकता सृजन और जीवन कौशल के लिए 04 श्रेयांकों तथा पांचवें सत्र में लोक विद्या के 02 श्रेयांकों के पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जाएंगे। वे गांवों में जाकर समुदाय के साथ काम करेंगे, जिससे कि विद्यार्थियों के जीवन कौशल और लोगों की सेवा करने की गुणवत्ता में सुधार होगा। इससे विभिन्न मुद्दों यथा, साफ-सफाई, स्वास्थ्य, अंकीय साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, सरकार की जनकल्याण योजनाएं इत्यादि के बारे में जागरूकता आएगी। इस संबंध में दिशानिर्देश और पाठ्य सामग्री तैयार करने के लिए माननीय कुलपति द्वारा एक समिति गठित की जाएगी।
- विश्वविद्यालय के शाहपुर परिसर स्थित विद्यार्थी 'सामुदायिक सम्बद्धता पाठ्यक्रम' के लिए उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत विश्वविद्यालय द्वारा अंगीकृत गांवों में जाएंगे।
- धर्मशाला और देहरा परिसरों के विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय द्वारा उन्नत भारत अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत धर्मशाला और देहरा प्रत्येक में दो-दो गांवों को अंगीकृत किया जाना चाहिए। इससे इन परिसरों के विद्यार्थी 'सामुदायिक सम्बद्धता पाठ्यक्रम' के लिए इन गांवों में जा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020 की संस्तुतियों को लागू करने के लिए इन दिशानिर्देशों को क्रिएटिव कॉमन्स अट्रीब्यूशन 4.0 अनपोर्टेड लाइसेंस के CC-BY-SA के अंतर्गत जारी किया जा रहा है ।

सकेंगे। यदि आवश्यकता हुई तो संबंधित विभाग/केंद्र द्वारा उनकी अपनी अपेक्षाओं के अनुसार 'सामुदायिक सम्बद्धता कार्यक्रम' के लिए अन्य गांवों/क्षेत्रों का चयन किया जाएगा।

- सभी स्नातक उपाधि (डिग्री) अध्ययन कार्यक्रमों में पर्यावरणीय अध्ययन पाठ्यक्रम प्रारंभ किया जाना चाहिए। इसकी पाठ्य संरचना विश्वविद्यालय स्तर पर विकसित की जाएगी। इस उद्देश्यार्थ माननीय कुलपति महोदय द्वारा एक समिति गठित की जाएगी।
- भारतीय भाषाओं के पाठ्यक्रमों को भाषा संकाय द्वारा प्रत्यक्ष अथवा आभासीय माध्यम से संकाय की व्यवहार्यता के अनुसार प्रस्तावित किया जाएगा।
- प्रत्येक सत्र में प्रस्तावित सभी पाठ्यक्रमों की 10% पाठ्य सामग्री संबंधित शिक्षक द्वारा आभासीय माध्यम से पढ़ाई जानी चाहिए ।
- शिक्षकों द्वारा अपने कक्षा शिक्षण के दौरान संकर अधिगम निदर्श (Hybrid Learning Model) को अपनाया जाएगा ताकि दूरस्थ स्थानों पर स्थित विद्यार्थी भी उसी वास्तविक समय कक्षा में उपस्थित हो सकें।
- विश्वविद्यालय के विभागों/केंद्रों द्वारा प्रत्येक सत्र में कम से कम एक पाठ्यक्रम 'मुक्त शैक्षिक संसाधन' (OER) के तौर पर विकसित किया जाना चाहिए, जिसमें परिचयात्मक वीडियो, पीपीटी और/अथवा पीडीएफ रूप में पाठ्य सामग्री, प्रश्नोत्तरी और दत्त-कार्य (assignments) शामिल होने चाहिए। इससे अनुवर्ती अधिगम (फ्लिप्ड लर्निंग) को भी बढ़ावा मिलेगा।
- *संकर अधिगम निदर्श (Hybrid Learning Model) और मुक्त शैक्षिक संसाधन (OER) के तौर पर विकसित पाठ्यक्रमों को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (रा.मू.प्र.प) उद्देश्य हेतु भी विश्वविद्यालय द्वारा अपनाई गई सर्वोत्तम प्रथाओं के तौर पर दर्शाया जा सकता है।*
- विश्वविद्यालय के सभी विभाग/केंद्र प्रत्येक सत्र में विषय-विशिष्ट पाठ्यक्रमों के अलावा 20 श्रेयांकों के **मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम (VAC)** प्रस्तावित करेंगे। मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम को विभाग द्वारा स्वतंत्र तौर पर या अन्य विभाग/केंद्र के साथ मिलकर प्रस्तावित किया जा सकता है । इन पाठ्यक्रमों को एक मिश्रित रीति (Blended mode) से प्रस्तावित किया जाएगा । इसके अंतर्गत कोई भी जिसने किसी भी विषय में 12वीं कक्षा सफलतापूर्वक पूर्ण करने के बाद न्यूनतम 'विद्यालय छोड़ने का प्रमाण पत्र' (SLC) प्राप्त किया है, उसे नामांकित किया जा सकता है। यह पाठ्यक्रम उन विद्यार्थियों के लिए भी उपलब्ध होगा, जो हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय में अपनी स्नातक उपाधि (डिग्री) / स्नातकोत्तर उपाधि (डिग्री) की पढ़ाई कर रहे हैं। इस नामांकन हेतु विद्यार्थी को शुल्क का भुगतान करना होगा, जिसका निर्णय विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा। मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम की कार्य-रीतियों का भी निर्धारण विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा। विद्यार्थी को मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम में नामांकन की तिथि से 3(तीन) वर्षों के अंदर इस पाठ्यक्रम को पूर्ण करने का विकल्प होगा । उक्त मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के

राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020 की संस्तुतियों को लागू करने के लिए इन दिशानिर्देशों को क्रिएटिव कॉमन्स अट्रीब्यूशन 4.0 अनपोर्टेड लाइसेंस के CC-BY-SA के अंतर्गत जारी किया जा रहा है ।

बाद विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थी को 'प्रमाण पत्र' प्रदान किया जाएगा। यह 'प्रमाण पत्र' (तीन माह के लिए) 10 श्रेयांकों अथवा (छह माह के लिए) 20 श्रेयांकों का होगा, जिन्हें निर्धारित अवधि में विद्यार्थी द्वारा अर्जित किया जाना है । किसी एक विभाग/केंद्र द्वारा प्रस्तावित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को अन्य विभागों के विद्यार्थियों के लिए मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम के रूप में माना जाएगा।

- 4/2 श्रेयांकों के अंतर-विषयक मुख्य एवं लघु पाठ्यक्रमों की सूची विश्वविद्यालय स्तर पर तैयार की जाएगी । इसके लिए विभागों / केंद्रों द्वारा अपने-अपने पाठ्यक्रम की सूची प्रदान की जाएगी, जिन्हें संयोजित कर विश्वविद्यालय स्तरीय सूची तैयार की जाएगी । विद्यार्थियों को इस सूची से अपनी पसंद का कम से कम एक पाठ्यक्रम का चयन करना होगा । इन पाठ्यक्रमों के लिए संकर अधिगम निदर्श (आभासीय तथा/अथवा प्रत्यक्ष) का उपयोग किया जाएगा। इन पाठ्यक्रमों के लिए समयावधि पूर्वाह्न 09.30 से 10.30 बजे तथा अपराह्न 01.30 से 02.30 बजे होगी । ऐसे सभी पाठ्यक्रमों के लिए प्रत्येक पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों की अधिकतम संख्या 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर 40 होगी । विद्यार्थियों से अन्य विषयों से संबंधित कम से कम एक अंतर-विषयक मुख्य/लघु पाठ्यक्रम अनिवार्य रूप से चयनित करने की अपेक्षा की जाती है ।
- 4/2 श्रेयांकों के विषयक मुख्य एवं लघु पाठ्यक्रमों के लिए विभागों/केंद्रों द्वारा पाठ्यक्रम की सूची प्रदान की जाएगी । विद्यार्थियों को इस सूची से अपनी पसंद के पाठ्यक्रम का चयन करना होगा ।
- किसी अध्ययन कार्यक्रम के कुल पाठ्यक्रमों में 50% से 60% तक सिद्धांत (थ्योरी) और 40% से 50% तक प्रायोगिक (प्रैक्टिकल) की भारिता होगी।

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परिषद की 29वीं बैठक एवं कार्यकारिणी परिषद की 52वीं बैठक में अनुमोदित ।
राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020 की संस्तुतियों को लागू करने के लिए इन दिशानिर्देशों को क्रिएटिव कॉमन्स अट्रीब्यूशन 4.0 अनपोर्टेड लाइसेंस के CC-BY-SA के अंतर्गत जारी किया जा रहा है ।

विद्यार्थियों को बहुविध प्रवेश-बहिर्गमन का विकल्प निम्नानुसार उपलब्ध होगा:

स्नातक कार्यक्रमों के लिए

[शोध/प्रवीण(ऑनर्स) सहित 4 वर्ष]

क्रम सं.	प्रवेश सत्र	बहिर्गमन सत्र	शर्तें	प्रमाण पत्र / अनुधि (डिप्लोमा) / उपाधि (डिग्री) - शोध/प्रवीण सहित उपाधि (डिग्री)
1.	1ला	2रा	अभ्यर्थी को 1ले से 2रे सत्रों में प्रस्तावित सभी पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करना होगा	प्रमाण पत्र
2.	1ला	4था	अभ्यर्थी को 1ले से 4थे सत्रों में प्रस्तावित सभी पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करना होगा	अनुधि (डिप्लोमा)
3.	1ला	6ठा	अभ्यर्थी को 1ले से 6ठे सत्रों में प्रस्तावित सभी पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करना होगा	उपाधि (डिग्री)
4.	1ला	8वां	अभ्यर्थी को 1ले से 8वें सत्रों में प्रस्तावित सभी पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करना होगा	शोध/प्रवीण (ऑनर्स) सहित उपाधि (डिग्री)
5.	3रा	4था	अभ्यर्थी को 1ले से 4थे सत्रों में प्रस्तावित सभी पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करना होगा	अनुधि (डिप्लोमा)
6.	3रा	6ठा	अभ्यर्थी को 1ले से 6ठे सत्रों में प्रस्तावित सभी पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करना होगा	उपाधि (डिग्री)
7.	3रा	8वां	अभ्यर्थी को 1ले से 8वें सत्रों में प्रस्तावित सभी पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करना होगा	शोध/प्रवीण (ऑनर्स) सहित उपाधि (डिग्री)
8.	5 वां	6ठा	अभ्यर्थी को 1ले से 6ठे सत्रों में प्रस्तावित सभी पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करना होगा	उपाधि (डिग्री)
9.	5 वां	8वां	अभ्यर्थी को 1ले से 8वें सत्रों में प्रस्तावित सभी पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करना होगा	शोध/प्रवीण (ऑनर्स) सहित उपाधि (डिग्री)
10.	7वां	8वां	अभ्यर्थी को 1ले से 8वें सत्रों में प्रस्तावित सभी पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करना होगा	शोध/प्रवीण (ऑनर्स) सहित उपाधि (डिग्री)

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परिषद की 29वीं बैठक एवं कार्यकारिणी परिषद की 52वीं बैठक में अनुमोदित ।
राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020 की संस्तुतियों को लागू करने के लिए इन दिशानिर्देशों को क्रिएटिव कॉमन्स अट्रीब्यूशन 4.0 अनपोर्टेड लाइसेंस के CC-BY-SA के अंतर्गत जारी किया जा रहा है ।

शोध सहित स्नातक उपाधि (डिग्री) कार्यक्रम (4 वर्षीय कार्यक्रम)

सत्र	विषयक/ अंतर-विषयक: मुख्य पाठ्यक्रम	विषयक/ अंतर-विषयक: लघु पाठ्यक्रम	व्यावसायिक/ कौशल	भारतीय ज्ञान प्रणाली (IKS)	शोध का प्रगत (अडवांस्ड) ज्ञान	प्रयोगशाला/ क्षेत्र कार्य	स्वच्छ भारत प्रशिक्षुता (इंटर्नशिप)	सांस्कृतिक विनिमय *(राष्ट्रीय एकीकरण)*	सामुदायिक सम्बद्धता	पर्यावरणीय अध्ययन	भारतीय भाषाएं	विषय प्रशिक्षुता / नवोन्मेष	रचना/ शोध प्रस्ताव की समीक्षा	शोध कार्य	कुल
1ला	08	04	02	04	0	02	0	0	0	0	0	0	0	0	**20**
2रा	08	04	04	0	0	02	0	0	0	0	02	0	0	0	**20**
3रा	08	04	02	0	0	02	0	0	04 *(सामुदायिक सेवाएं, जागरूकता सृजन, जीवन कौशल)*	0	0	0	0	0	**20**
4था	08	04	02	0	0	0	02	0	0	04	0	0	0	0	**20**
5 वां	08	02	02	0	0	02	0	0	02 *(लोक विद्या)*	0	0	04	0	0	**20**
6ठा	08	04	0	02 *(विषय विशेष भारतीय ज्ञान प्रणाली)* 02 *(योग अध्ययन)*	0	0	0	04	0	0	0	0	0	0	**20**
7वां	04	0	0	0	08	0	0	0	0	0	0	0	04#	04+	**20**
8वां	04	0	0	0	08	0	0	0	0	0	0	0	0	08*	**20**
कुल	**56**	**22**	**12**	**08**	**16**	**08**	**02**	**04**	**06**	**04**	**02**	**04**	**04**	**12**	**160**

++ *राष्ट्रीय स्तर पर शोध पत्र प्रकाशन/सेमिनार-सम्मेलन प्रस्तुतीकरण (प्रैक्टिकल)*

* *08 श्रेयांक में से शोध-निबंध के लिए 04 श्रेयांक तथा प्रस्तुतीकरण एवं मौखिक परीक्षा के लिए 04 श्रेयांक*

\# *50% सिद्धांत (थ्योरी) और 50% प्रायोगिक (प्रैक्टिकल)*

ये एक व्यापक दिशानिर्देश हैं; तथापि, विभाग/केंद्र संपूर्ण योजना के दायरे के अंतर्गत, श्रेयांकों को बिना परिवर्तित किए अपनी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार परिवर्तन कर सकते हैं।

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परिषद की 29वीं बैठक एवं कार्यकारिणी परिषद की 52वीं बैठक में अनुमोदित ।
राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020 की संस्तुतियों को लागू करने के लिए इन दिशानिर्देशों को क्रिएटिव कॉमन्स अट्रीब्यूशन 4.0 अनपोर्टेड लाइसेंस के CC-BY-SA के अंतर्गत जारी किया जा रहा है ।

प्रवीण (ऑनर्स) सहित स्नातक उपाधि (डिग्री) कार्यक्रम (4 वर्षीय कार्यक्रम)

सत्र	विषयक/ अंतर विषयक: मुख्य पाठ्यक्रम	विषयक/ अंतर विषयक: लघु पाठ्यक्रम	व्यावसायिक/ कौशल	भारतीय ज्ञान प्रणाली (IKS)	शोध का प्रगत ज्ञान	प्रयोगशाला / क्षेत्र कार्य	स्वच्छ भारत प्रशिक्षुता (इंटर्नशिप)	सांस्कृतिक विनिमय *(राष्ट्रीय एकता)*	सामुदायिक सम्बद्धता	पर्यावरणीय अध्ययन	भारतीय भाषाएं	विषय प्रशिक्षुता / नवोन्मेष	कुल
1ला	08	04	02	04	0	02	0	0	0	0	0	0	**20**
2रा	08	04	04	0	0	02	0	0	0	0	02	0	**20**
3रा	08	04	02	0	0	02	0	0	04 *(सामुदायिक सेवाएं, जागरूकता सृजन, जीवन कौशल)*	0	0	0	**20**
4था	08	04	02	0	0	0	02	0	0	04	0	0	**20**
5वां	08	02	02	0	0	02	0	0	02 *(लोक विद्या)*	0	00	04	**20**
6ठा	08	04	0	02 *(विषय विशेष भारतीय ज्ञान प्रणाली)* 02 *(योग अध्ययन)*	0	0	0	04	0	0	0	0	**20**
7वां	04	04	0	0	10*	02	0	0	0	0	0	0	**20**
8वां	04	02	0	0	08*	02	0	0	0	0	0	04	**20**
कुल	**56**	**28**	**12**	**08**	**18**	**12**	**02**	**04**	**06**	**04**	**02**	**08**	**160**

** 50% सिद्धांत (थ्योरी) और 50% प्रायोगिक (प्रैक्टिकल)*

ये एक व्यापक दिशानिर्देश हैं; तथापि, विभाग/केंद्र संपूर्ण योजना के दायरे के अंतर्गत, श्रेयांकों को बिना परिवर्तित किए अपनी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार परिवर्तन कर सकते हैं।

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परिषद की 29वीं बैठक एवं कार्यकारिणी परिषद की 52वीं बैठक में अनुमोदित ।
राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020 की संस्तुतियों को लागू करने के लिए इन दिशानिर्देशों को क्रिएटिव कॉमन्स अट्रीब्यूशन 4.0 अनपोर्टेड लाइसेंस के CC-BY-SA के अंतर्गत जारी किया जा रहा है ।

01 वर्षीय स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रम

पात्रता : 04 वर्षीय स्नातक उपाधि कार्यक्रम

- इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के प्रवेश की पात्रता शोध / प्रवीण (ऑनर्स) सहित स्नातक होगी ।
- विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 की संस्तुतियों के अनुरूप शैक्षणिक सत्र 2025-2026 से 01 वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम प्रस्तावित करेगा ।
- शोध / प्रवीण (ऑनर्स) सहित स्नातक उपाधि की पहली खेप 2024-25 में उत्तीर्ण होने की प्रत्याशा है । इसलिए, 02 वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम जारी रहेगा और 2025-26 से एक वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम प्रारंभ होगा । 2025-26 सत्र से दोनों अर्थात एक वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम और दो वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रमों को प्रस्तावित किया जाएगा ।
- *एक वर्ष की अवधि होने के कारण इस कार्यक्रम में बहुविध प्रवेश एवं बहिर्गमन का विकल्प उपलब्ध नहीं होगा ।*

2 वर्षीय स्नातकोत्तर उपाधि (डिग्री) कार्यक्रम

पात्रता : 3 वर्षीय स्नातक उपाधि (डिग्री) कार्यक्रम

- 3 (तीन) वर्षीय स्नातक उपाधि (डिग्री) धारक विद्यार्थी इस अध्ययन कार्यक्रम में प्रवेश के पात्र होंगे।
- विश्वविद्यालय शैक्षणिक सत्र 2021-2022 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की संस्तुतियों के अनुरूप दो वर्षीय स्नातकोत्तर उपाधि (डिग्री) कार्यक्रम प्रस्तावित करेगा।
- राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों के साथ तालमेल के लिए विश्वविद्यालय दिनांक 29 जुलाई, 2021 को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी बहुविध प्रवेश एवं बहिर्गमन संबंधी दिशानिर्देशों का पालन करेगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020 की संस्तुतियों को लागू करने के लिए इन दिशानिर्देशों को क्रिएटिव कॉमन्स अट्रीब्यूशन 4.0 अनपोर्टेड लाइसेंस के CC-BY-SA के अंतर्गत जारी किया जा रहा है ।

- प्रत्येक सत्र में कुल श्रेयांकों की संख्या अधिकतम 20 होगी और इसका सख्ती से पालन किया जाएगा। प्रथम और द्वितीय सत्रों के विद्यार्थियों को दो श्रेयांकों के अंतर-विषयी पाठ्यक्रमों का अनिवार्य रूप से चयन करना होगा । ये पाठ्यक्रम, उन पाठ्यक्रमों से भिन्न होने चाहिए, जिसमें वह नामांकित है ।
- स्नातकोत्तर स्तर पर भारतीय ज्ञान प्रणाली और व्यावसायिक (वोकेशनल)/कौशल पाठ्यक्रमों का एक बड़ा घटक प्रस्तावित किया जाएगा।
- स्नातकोत्तर उपाधि (डिग्री) कार्यक्रमों में सभी पाठ्यक्रमों को अनिवार्य तौर पर मिश्रित तरीके अर्थात 90% प्रत्यक्ष एवं 10% आभासीय माध्यम से पढ़ाया जाएगा।
- विभाग स्तरीय कार्यदल द्वारा पढ़ाए जाने वाले कार्यक्रमों की संपूर्ण संरचना विकसित की जाएगी। यह कार्यदल विभाग के सभी शिक्षकों की सहायता से आवश्यकता के अनुसार विभिन्न पाठ्यक्रमों के पाठ्यविवरण (सिलेबस) तैयार करेगा।
- व्यावसायिक (वोकेशनल)/कौशल आधारित पाठ्यक्रमों के लिए विभाग/केंद्र द्वारा प्रथम और द्वितीय सत्र में पाठ्यक्रमों की एक सूची प्रस्तुत की जाएगी, जिसमें से विद्यार्थियों द्वारा अपनी पसंद के पाठ्यक्रमों का चयन किया जा सकेगा । व्यावसायिक (वोकेशनल) / कौशल आधारित पाठ्यक्रमों को इस प्रकार से तैयार किया जाना चाहिए कि पाठ्यक्रम समाप्त होने तक विद्यार्थी अपने संबंधित क्षेत्र में पर्याप्त कौशल विकसित कर सकें। कौशल मूल्यांकन 'कौशल मूल्यांकन मंडल' द्वारा किया जाएगा, जिसका गठन माननीय कुलपति द्वारा किया जाएगा।
- भारतीय ज्ञान प्रणाली (IKS) के दो पाठ्यक्रमों को क्रमशः प्रथम सत्र और द्वितीय सत्र में प्रारंभ किया जाएगा। प्रथम सत्र में, विश्वविद्यालय के सभी स्नातकोत्तर उपाधि (डिग्री) कार्यक्रमों के लिए यह पाठ्यक्रम एकसमान होगा। यह पाठ्यक्रम 02 श्रेयांकों का होगा। इस पाठ्यक्रम को तैयार करने के लिए माननीय कुलपति महोदय द्वारा एक समिति गठित की जाएगी। संबंधित विभाग के शिक्षक (शिक्षकों) द्वारा यह पाठ्यक्रम पढ़ाया जाएगा ।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020 की संस्तुतियों को लागू करने के लिए इन दिशानिर्देशों को क्रिएटिव कॉमन्स अट्रीब्यूशन 4.0 अनपोर्टेड लाइसेंस के CC-BY-SA के अंतर्गत जारी किया जा रहा है ।

- द्वितीय सत्र हेतु भारतीय ज्ञान प्रणाली (IKS) पर दूसरे पाठ्यक्रम को संबंधित विभागों द्वारा तैयार किया जाएगा। यह पाठ्यक्रम 02 श्रेयांकों का होगा। भारतीय ज्ञान प्रणाली (IKS) पर दोनों पाठ्यक्रमों के लिए कूट (Codes) का निर्धारण संबंधित विभागों/केंद्रों द्वारा किया जाएगा । इन सभी पाठ्यक्रमों को संबंधित पाठ्य-समितियों में विचार-विमर्श एवं अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।
- संबंधित शिक्षक द्वारा प्रत्येक सत्र में प्रस्तावित सभी पाठ्यक्रमों की 10% पाठ्य सामग्री आभासीय माध्यम से पढ़ाई जानी चाहिए ।
- शिक्षकों द्वारा अपने कक्षा शिक्षण के दौरान संकर अधिगम निदर्श (Hybrid Learning Model) को अपनाया जाएगा ताकि दूरस्थ स्थानों पर स्थित विद्यार्थी भी उसी वास्तविक समय कक्षा में उपस्थित हो सकें।
- विश्वविद्यालय के विभागों/केंद्रों द्वारा प्रत्येक सत्र में कम से कम एक पाठ्यक्रम 'मुक्त शैक्षिक संसाधन' (OER) के तौर पर विकसित किया जाना चाहिए, जिसमें परिचयात्मक वीडियो, पीपीटी और/अथवा पीडीएफ रूप में पाठ्यक्रम पाठ्य-सामग्री, प्रश्नोत्तरी और दत्त-कार्य (assignments) शामिल होने चाहिए। इससे अनुवर्ती अधिगम (फ्लिप्ड लर्निंग) को भी बढ़ावा मिलेगा।
- *संकर अधिगम निदर्श* (Hybrid Learning Model) *और मुक्त शैक्षिक संसाधन (OER) के तौर पर विकसित पाठ्यक्रमों को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (रा.मू.प्र.प) उद्देश्य हेतु भी विश्वविद्यालय द्वारा अपनाई गई सर्वोत्तम प्रथाओं के तौर पर दर्शाया जा सकता है।*
- विश्वविद्यालय के सभी विभाग/केंद्र प्रत्येक सत्र में विषय-विशिष्ट पाठ्यक्रमों के अलावा 20 श्रेयांकों के **मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम (VAC)** भी प्रस्तावित करेंगे। मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम को विभाग द्वारा स्वतंत्र तौर पर या अन्य विभाग/केंद्र के साथ मिलकर प्रस्तावित किया जा सकता है । इन पाठ्यक्रमों को एक मिश्रित रीति (Blended mode) से प्रस्तावित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत कोई भी जिसने किसी भी विषय में न्यूनतम स्नातक उपाधि (डिग्री) उत्तीर्ण की है, उसे नामांकित

किया जा सकता है। यह पाठ्यक्रम उन विद्यार्थियों के लिए भी उपलब्ध होगा, जो हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय में अपनी स्नातकोत्तर उपाधि (डिग्री) की पढ़ाई कर रहे हैं। इस नामांकन हेतु विद्यार्थी को शुल्क का भुगतान करना होगा, जिसका निर्णय विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा। मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम की कार्य-रीतियों का भी निर्धारण विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा। विद्यार्थी को मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम में नामांकन की तिथि से 2(दो) वर्षों के अंदर इस पाठ्यक्रम को पूर्ण करने का विकल्प होगा। उक्त मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के बाद विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थी को 'प्रमाण पत्र' प्रदान किया जाएगा। यह 'प्रमाण पत्र' (तीन माह के लिए) 10 श्रेयांकों अथवा (छह माह के लिए) 20 श्रेयांकों का होगा, जिन्हें विद्यार्थी द्वारा निर्धारित अवधि में अर्जित किया जाना है । किसी एक विभाग/केंद्र द्वारा प्रस्तावित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को अन्य विभागों के विद्यार्थियों के लिए मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम के रूप में माना जाएगा।

- किसी अध्ययन कार्यक्रम के कुल पाठ्यक्रमों में 50% से 60% तक सिद्धांत (थ्योरी) और 40% से 50% तक प्रायोगिक (प्रैक्टिकल) की भारिता होगी।
- संपूर्ण द्वितीय वर्ष केवल शोध पर समर्पित होगा, ताकि विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम के पूरा होने के बाद सीधे पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश ले सकें *(यूजीसी द्वारा बहुविध प्रवेश-बहिर्गमन दिशानिर्देश, पृष्ठ 11)* ।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020 की संस्तुतियों को लागू करने के लिए इन दिशानिर्देशों को क्रिएटिव कॉमन्स अट्रीब्यूशन 4.0 अनपोर्टेड लाइसेंस के CC-BY-SA के अंतर्गत जारी किया जा रहा है ।

2 वर्षीय स्नतकोत्तर उपाधि (डिग्री) कार्यक्रम

पात्रता : 3 वर्षीय स्नातक उपाधि (डिग्री) कार्यक्रम

सत्र	विषयक/ अंतर विषयक: मुख्य पाठ्यक्रम	विषयक/ अंतर विषयक: लघु पाठ्यक्रम	व्यावसायिक/ कौशल	भारतीय ज्ञान प्रणाली (IKS)	रचना, शोध प्रस्ताव की समीक्षा	शोध निबंध एवं मौखिक परीक्षा	कुल
1ला	10	04	04	02+	0	0	20
2रा	12	04	02	02#	0	0	20
3रा	04 वैकल्पिक विशेषज्ञता पाठ्यक्रम *(विभाग द्वारा विषय संबंधी पाठ्यक्रम की एक सूची प्रस्तावित की जाएगी)*	04* (संबंधित विषय में शोध क्रियाविधि)	04* (संबंधित विषय/क्षेत्र में उपलब्ध) सोफ्टवेयर आधारित आंकड़ा विश्लेषण	0	08*	00	20
4था	04 वैकल्पिक विशेषज्ञता पाठ्यक्रम *(विभाग द्वारा विषय संबंधी पाठ्यक्रम की एक सूची प्रस्तावित की जाएगी)*	02 **सिद्धांत (थ्योरी)** (शैक्षणिक लेखन) 02 **प्रैक्टिकल** (राष्ट्रीय स्तर पर शोध पत्र प्रकाशन/ सेमिनार-सम्मेलन में प्रस्तुतीकरण)	04* विषय आधारित आंकड़ा विश्लेषण एवं व्याख्या	0	0	08 50% शोध निबंध 50% प्रस्तुतीकरण एवं मौखिक परीक्षा	20
कुल	**30**	**16**	**14**	**04**	**08**	**08**	**80**

+ *विश्वविद्यालय स्तरीय समिति द्वारा विकसित 02 श्रेयांक कोर्स जो सभी कार्यक्रमों के लिए एकसमान होगा*

संबंधित विभाग द्वारा विकसित 02 श्रेयांक पाठ्यक्रम

* *50% सिद्धांत (थ्योरी) और 50% प्रायोगिक (प्रैक्टिकल)*

ये एक व्यापक दिशानिर्देश हैं; तथापि, विभाग/केंद्र संपूर्ण योजना के दायरे के अंतर्गत, श्रेयांकों को बिना परिवर्तित किए अपनी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार परिवर्तन कर सकते हैं। कृपया यह सुनिश्चित करें कि स्नातकोत्तर कार्यक्रम का दूसरा वर्ष केवल शोध के लिए समर्पित किया जाना चाहिए।

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परिषद की 29वीं बैठक एवं कार्यकारिणी परिषद की 52वीं बैठक में अनुमोदित ।
राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020 की संस्तुतियों को लागू करने के लिए इन दिशानिर्देशों को क्रिएटिव कॉमन्स अट्रीब्यूशन 4.0 अनपोर्टेड लाइसेंस के CC-BY-SA के अंतर्गत जारी किया जा रहा है ।

स्नातकोत्तर उपाधि (डिग्री) कार्यक्रम (2 वर्ष) में प्रवेश एवं बहिर्गमन विकल्प

क्रम सं.	प्रवेश सत्र	बहिर्गमन सत्र	शर्तें	पीजी अनुधि (डिप्लोमा)/ उपाधि (डिग्री)
1.	1ला	2रा	अभ्यर्थी को 1ले से 2रे सत्रों में प्रस्तावित सभी पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करना होगा	पीजी अनुधि (डिप्लोमा)
2.	1ला	4था	अभ्यर्थी को 1ले से 4थे सत्रों में प्रस्तावित सभी पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करना होगा	उपाधि (डिग्री)
3.	3रा	4था	अभ्यर्थी को 1ले से 4थे सत्रों में प्रस्तावित सभी पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करना होगा	उपाधि (डिग्री)

******

राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020 की संस्तुतियों को लागू करने के लिए इन दिशानिर्देशों को क्रिएटिव कॉमन्स अट्रीब्यूशन 4.0 अनपोर्टेड लाइसेंस के CC-BY-SA के अंतर्गत जारी किया जा रहा है ।

माननीय कुलपति महोदय द्वारा निम्नलिखित पाठ्यक्रमों के लिए पाठ्य सामग्री और दिशानिर्देश तैयार करने के लिए समितियां गठित की जाएंगी :

- **भारतीय ज्ञान प्रणाली (IKS) से जुड़े 04 श्रेयांक (स्नातक)** का एक पाठ्यक्रम और **2 श्रेयांक का** एक पाठ्यक्रम **(स्नातकोत्तर)**
- पर्यावरणीय अध्ययन पर **04 श्रेयांक (स्नातक)** का एक पाठ्यक्रम
- स्वच्छ भारत प्रशिक्षुता (इंटर्नशिप) पर **02 श्रेयांक (स्नातक)** के लिए दिशानिर्देश/पाठ्य सामग्री
- सांस्कृतिक विनिमय से जुड़े **04 श्रेयांक (स्नातक)** के लिए दिशानिर्देश/पाठ्य सामग्री
- सामुदायिक सम्बद्धता से जुड़े **04 श्रेयांक (स्नातक)** के लिए दिशानिर्देश/पाठ्य सामग्री
- योग अध्ययन से जुड़े **02 श्रेयांक (स्नातक)** के लिए दिशानिर्देश/पाठ्य सामग्री
- लोक विद्या से जुड़े **02 श्रेयांक (स्नातक)** के लिए दिशानिर्देश/पाठ्य सामग्री

*****

राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020 की संस्तुतियों को लागू करने के लिए इन दिशानिर्देशों को क्रिएटिव कॉमन्स अट्रीब्यूशन 4.0 अनपोर्टेड लाइसेंस के CC-BY-SA के अंतर्गत जारी किया जा रहा है ।

English

Central University of Himachal Pradesh
DHARAMSHALA – 176215 (HP)

GUIDELINES

FOR IMPLEMENTING

THE RECOMMENDATIONS OF

NATIONAL EDUCATION POLICY – 2020

IN

CENTRAL UNIVERSITY OF HIMACHAL PRADESH

Approved in the 29th meeting of the Academic Council & the 52nd meeting of the Executive Council, CUHP
Guidelines for Implementing the Recommendations of National Education Policy – 2020 in CUHP are being released under CC-BY-SA of Creative Commons Attribution 4.0 Unported License.

NATIONAL EDUCATION POLICY – 2020
GUIDELINES FRAMING COMMITTEE
CENTRAL UNIVERSITY OF HIMACHAL PRADESH
DHARAMSHALA (HP)

Sl. No.	Name & Designation	
1.	**Prof. Sat Prakash Bansal, Hon'ble Vice Chancellor**	**Patron**
2.	Prof. Manoj Kumar Saxena, Professor, School of Education	Chairman
3.	Prof. Bhag Chand Chauhan, Professor, School of Physical and Material Sciences	Vice Chairman
4*.	Prof. Mohinder Singh, Dean, School of Commerce & Management Studies	Member
5.	Prof. Deepak Pant, Dean, School of Earth & Environmental Sciences	Member
6.	Prof. Vishal Sood, Dean, School of Education	Member
7.	Dr. Kanwar Chandradeep Singh, Dean, School of Humanities	Member
8.	Prof. Pradeep Nair, Dean, School of Journalism, Mass Communication & New Media	Member
9.	Dr. Brihaspati Mishra, Dean, School of Languages	Member
10.	Prof. Pradeep Kumar, Dean, School of Life Sciences	Member
11.	Prof. Rakesh Kumar, Dean, School of Mathematics, Computers & Information Science	Member
12.	Dr. Jagmeet Bawa, Dean, School of Performing & Visual Arts	Member
13.	Prof. Hum Chand, Dean, School of Physical & Material Sciences	Member
14.	Prof. Narayan Singh Rao, Dean, School of Social Science	Member
15.	Dr. Suman Sharma, Dean, School of Tourism, Travel & Hospitality Management	Member
16.	Dr. Om Prakash Prajapati, Assistant Professor, Department of Hindi	Member
17.	Dr. Rakesh Kumar, Assistant Professor, Department of Animal Science	Member Secretary

**Name of Deans are given in alphabetical order of the name of their Schools*

Translated in Hindi by: *Dr. Brihaspati Mishra & Shri Sanjay Singh, Rajbhasha Anubhag, CUHP*

Translated in Sanskrit by: *Dr. Brihaspati Mishra, Dr. Kuldeep Kumar, Dr. V. Subramaniam, Dr. Ranjeet Kumar, Dr. Vivek Sharma, Dr. Bhajharidas and Smt. Archana, Department of Sanskrit, Pali and Prakrit, CUHP*

Translated in Punjabi by: *Dr. Naresh Kumar & Dr. Harjinder Singh, Department of Punjabi, CUHP*

Guidelines for Implementing the Recommendations of National Education Policy – 2020 in CUHP are being released under CC-BY-SA of Creative Commons Attribution 4.0 Unported License.

- The Central University of Himachal Pradesh will be a Research-Intensive University with a focus on Advanced Researches in various disciplines.
- The Bachelor's Degree Programme will be of 4 years with Research / Honours.
- Multiple Entry and Exit systems at various stages will be implemented in the University in Bachelor's Degree Programme from the academic session 2021-22 for newly admitted students.
- As per the UGC Guidelines for Multiple Entry and Exit in Academic Programmes offered in Higher Education Institutions, after completing the requirements of a three-year Bachelor's Degree, candidates who secure a minimum CGPA of 7.5 shall be allowed to continue studies in the fourth year of the undergraduate programme to pursue and complete the Bachelor's Degree with Research/Honours.
- These students will have the option to pursue a Degree with Research or a Degree with Honours. After successful completion of the 6th Semester, they have to choose to pursue a Degree with Research or Degree with Honours.
- Those students who do not have 7.5 CGPA up to the 6th Semester will be awarded Bachelor's Degree as they will have to exit the Bachelor's Degree Programme after completing the 6th Semester.
- The University will offer 4 Years Bachelor's Degree and 2 Years Master's Degree Programmes from the academic session 2021–2022 and 01 Year PG Programmes from the academic session 2025–2026, in line with the recommendations of National Education Policy – 2020.
- It is expected that the first batch of UG with research/honours will pass out in the year 2024-2025. Therefore, 2 years PG programme will continue and from 2025-2026, One-Year PG programme will commence. From the session 2025-2026 both the programmes i.e. One Year PG Programme and Two Years PG Programme will be offered.
- To stay in sync with the National Level institutions, the University will follow the guidelines of multiple entry and exit in academic programmes issued by UGC on July 29, 2021.
- The total number of credits will be a maximum of 20 in each semester, and it will be followed strictly. The students from 1st, 3rd and 6th semester

respectively have to compulsorily opt for two credits interdisciplinary courses, such that they remain different and distinct from the programme which s/he is enrolled in.

- A large component of IKS, Vocational/ Skill Courses, Swachh Bharat Internship, Community Connect, Lok Vidya, Yoga, Indian Languages, Cultural Exchange, i.e., National Integration, Environmental Studies, and Life Skills, etc. will be offered at Bachelor's Degree level.
- Multiple Entry and Exit System at various stages require the modifications in the entire existing course curriculum in Bachelor's Degree Programmes to incorporate IKS, increase the ability and skills, sensitization towards the environment, etc., among students.
- All courses will be conducted in blended mode, i.e., 90% offline and 10% online compulsorily in Bachelor's Degree Programmes.
- Department Level Task Force will develop the complete structure of the programmes to be offered, and it will design the syllabus of different courses with the help of all the teachers of the department as per the requirements.
- For all the courses to be designed at the university level, each department has to assign their respective codes. All these courses will be placed before the respective Board of Studies for deliberations and approval.
- For Vocational Courses, the Department/Center will offer a course basket from where the students may select the course of their choice. The vocational/skill-based courses should be designed in the manner that the students may develop sufficient skill in their respective field at the exit level. The skill assessment will be done by the Skill Assessment Board, which is to be constituted by the Hon'ble Vice-Chancellor.
- Two courses on the **Indian Knowledge System (IKS)** will be introduced in the 1st semester and 6th semester, respectively. In the 1st semester, the course will be uniform for all the Bachelor's Degree Programmes in the University, and it will be of 4 credits. For designing this course, a committee will be constituted by the Hon'ble Vice-Chancellor. The teacher(s) of the concerned department will teach this course.
- The other course on Indian Knowledge System (Subject Specific IKS) which is to be offered in the 6th Semester, will be designed by the Department concerned, and it will be of 2 credits. Under IKS, another course of 2 credits

on Yoga Studies will be offered in the same semester. This course will be designed by a committee constituted by the Hon'ble Vice-Chancellor.

- Swachh Bharat Internship (SBI) Course should be introduced in all the Departments/Centers of the University for Bachelor's Degree Programmes in which sensitization, awareness, nukkad natak, invited lectures, etc., will be organized for students. For designing the guidelines and course content, a committee will be constituted by the Hon'ble Vice-Chancellor.
